वार्ड नं. 45 में जीवन कालोनी तथा... पृष्ठ 2 | नगर पालिका अध्यक्षीय कार्यकाल के.. पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 13 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 233, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


# अहमदाबाद विमान हादसे में 241 यात्रियों की मौत






**अहमदाबाद।** आज यानी गुरुवार को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में सभी 241 यात्रियों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी AP ने इस खबर की पुष्टि की है। AP के अनुसार, प्लेन में सवार सभी क्रू मेंबर्स समेत यात्रियों की मौत हो चुकी है। गुजरात सरकार ने मृतकों के परिजनों से डीएनए सैंपल देने की अपील की है, क्योंकि मारे गए लोगों के शवों की पहचान करना मुश्किल हो गया है।

हादसा अहमदाबाद में टेकऑफके समय हुआ। माना जा रहा है कि विमान का पिछला हिस्सा एयरपोर्ट की बाउंड्री से टकरा गया था जिससे यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। बताया जा रहा है कि विमान 241 यात्री सवार थे। सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट में यह दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसा मेघानीनगर के पास हुआ है। एयरपोर्ट से मेघानीनगर की दूरी 15 किलोमीटर के करीब है। गौरतलब है कि, यह विमान अहमदाबाद के सिवल अस्पताल पर क्रैश हो गया। इस हादसे के बाद अहमदाबाद मे मेडिकल इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई है। सरकारी के साथ प्राइवेट डॉक्टरों से भी सिविल अस्पताल में आकर घायलों को सेवा देने की अपील की गई है। अहमदाबाद पुलिस कंट्रोल रूम ने इसकी पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेक ऑफ करने के कुछ देर बाद मेघानीनगर के पास क्रैश हो गया।

**पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन**

इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने ङ्ग पर यह जानकारी दी। विमान में 242 पैसेंजर सवार थे। इनमें 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। हादसे की जगह से अब तक 100 शव मिलने की खबर है। इस विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी सवार थे। विजय रुपाणी लंदन जा रहे थे। विजय रुपाणी के करीबी नितिन भारद्वाज का कहना है कि विजय रूपाणी की पत्नी ब्रिटेन में थीं। उनकी पत्नी 6 महीने से वहीं थी। उन्हीं को लाने के लिए विजय रूपाणी लंदन जा रहे थे। तभी अहमदाबाद में टेक ऑफ के दौरान विमान हादसे का शिकार हो गया। यात्रियों की लिस्ट में विजय रुपाणी का नाम 12वें नंबर पर अंकित है और उनका सीट नंबर 2ष्ठ दर्ज है।हादसे को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बात की है। अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया क्रू से जुड़ी केबिन क्रैश की घटना ने चिकित्सा जगत को भी झकझोर कर रख दिया, क्योंकि यह दुर्घटना एक मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकराकर हुई।

हादसे के समय उस इमारत में कई स्टाफ सदस्य और कुछ छात्र भी मौजूद थे। हादसे के बाद सामने आईं तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि मेडिकल कॉलेज की बाहरी दीवारों और खिड़कियों को गंभीर नुकसान पहुंचा है. भवन की एक पूरी मंजिल का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे मलबा चारों तरफ बिखर गया। राहत और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर तुरंत कार्रवाई शुरू की। अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI171 अहमादाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट से उड़ान भरने के चंद मिनट बाद ही क्रैश हो गया। यह एक इंटरनेशनल फ्लाइट थी।

## पीएम मोदी ने जताया दुख

अहमादाबाद प्लेन क्रैश पर पीएम मोदी की पहली



प्रतिक्रिया आ गई है। एअर इंडिया प्लेन क्रैश पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट पर घटना पर दुख व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने लिखा- अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएँ इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। रायुपर. गुजरात के अहमदाबाद में एअर इंडिया का प्लेन क्रैश हुआ है जिसमें सैकड़ों यात्रियों की मौत की खबर सामने आ रही है. इस घटना परसीएम विष्णुदेव साय ने दुख जताया है.।

## हादसे पर योगी ने जताया दुख

मुख्यमंत्री ने इस घटना को च्बेहद दुखदबताया



और पीड़ितों के परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। लंदन जा रहा च्एअर इंडियाज् का विमान बृहस्पतिवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में चालक दल के सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। आदित्यनाथ ने कहा, विमान दुर्घटना की खबर बहुत दुखद है। इसमें कई यात्रियों की जान चली गई है। मैं ईश्वर से सभी की सुरक्षा की प्रार्थना करता हूं और आशा करता हूं कि ऐसी घटनाओं में और लोगों की जान न जाए।

## विमान हादसे पर सीएम साय ने जताया खेद

गुजरात के अहमदाबाद में एअर इंडिया का प्लेन क्रैश



हुआ है, जिसमें सैकड़ों यात्रियों की मौत की खबर सामने आ रही है. इस घटना पर सीएम विष्णुदेव साय ने दुख जताया है. उन्होंने गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना की खबर अत्यंत हृदयविदारक है. इस भीषण दुर्घटना में मृत यात्रियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों के दुख में सहभागी हूं.रायपुर अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर नेताप्रतिपक्ष चरण दास महंत ने भी दुख जताया है. उन्होंने फ़ेसबुक पर पोस्ट कर लिखा, अहमदाबाद में एयर इंडिया प्लेन क्रैश होने की खबर बेहद चिंता जनक है।

## दीपा लव रामटेके को मिली समाजशास्त्र में मास्टर डिग्री

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दीपा लव रामटेके अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट एवं जीएसटी सलाहकार ने 46 वर्ष की आयु में



हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में उच्च अंको के साथ मास्टर डिग्री हासिल की. उनके इस उपलब्धि पर पति लवकुमार रामटेके सहित सास श्रीमती शांताबाई रामटेके, माँ श्यामा वाल्दे, पिता एल आर वाल्दे, भाई भावेश वाल्दे, बहन यीशु, मेघा, दामाद प्रजेश सहारे, देवर मासूम बोम्बर्डे सहित ईष्ट मित्रों ने बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अवैध शराब, जुआ-सट्टा एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध थाना सहसपुर लोहारा की सख्त कार्रवाई

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स)।** आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत आरोपी के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही



कुल 08 पौवा देशी प्लेन मदिरा एवं नगद ?200, कुल ?840 की जब्ती आरोपी के विरुद्ध धारा 170 क्चह्लस्स् के अंतर्गत इस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक लालमन साव के नेतृत्व में थाना सहसपुर लोहारा द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## गोलीकांड प्रशासनिक संलिप्तता और राजनीतिक संरक्षण का नतीजा : जितेंद्र मुदलियार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मोहड़ में अवैध रेत उत्खनन और गोलीबारी के मामले में कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने प्रशासनिक,



कानून व्यवस्था को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि, राजनांदगांव के इतिहास में ऐसी नौबत कभी नहीं आई। भाजपा सरकार में ग्रामीणों पर गोली चल रही है। जिला प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे इस तरह की वारदात उनके संरक्षण और संलिप्तता को जाहिर करता है। उन्होंने कहा कि, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह का निर्वाचन क्षेत्र, गृह मंत्री विजय शर्मा का प्रभार वाला जिला और भाजपा सरकार में कथित विष्णु के सुशासन में राजनांदगांव अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। आए दिन कोई न कोई वारदात हो रही है। उन्होंने कहा कि, इस पूरे मामले में हमलावरों पर कड़ी कार्रवाई तो होनी ही चाहिए। इसके अलावा, उन चेहरों को बेनकाब किया जाना चाहिए जिनके चलते मोहड़ में ऐसी स्थिति बनी। ग्रामीण कई नामों का खुलासा कर रहे हैं, पुलिस इस पर कोई एक्शन नहीं ले रही है। अब तक एफआईआर में अवैध तरीके से उत्खनन में शामिल



जेसीबी और हाइवा के मालिक के खिलाफकोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। जो कि पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल खड़े करता है। मुदलियार ने कहा कि, स्पष्ट संकेत हैं कि इस पूरे प्रकरण में प्रशासनिक, राजनीतिक संरक्षण दिया गया है। रेत माफियाओं ने इसके ही बूते इतनी बड़ी घटना को अंजाम दे दिया। दूसरी ओर जिले भर में अवैध उत्खनन के मामले जारी है। लगातार इसकी शिकायतें सामने आ रही है और कई लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं। लेकिन खनिज और जिला प्रशासन इसे लेकर पूरी तरह उदासीन हैं। इसका ही नतीजा है कि, मोहड़ में ग्रामीणों पर गोली तक चल गई। उन्होंने कहा कि, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह, गृह मंत्री विजय शर्मा अब तक इस मामले में चुप हैं। उनकी चुप्पी से यह मामला दबने वाला नहीं है। ये मामला अब सिर्फ गोली चलाने वाले रेत माफियाओं तक भी नहीं सिमटने वाला है। यह पूरा विषय काफी संवेदनशील है और हम पीड़ित परिवारों और जनता के साथ हैं। जब तक इस पूरे मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई न हो, पर्दे के पीछे के चेहरे न सामने आएं हम इसे लेकर हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ते रहेंगे।

## संस्कारधानी सेवा संस्थान ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाईम्स)।** संस्कारधानी सेवा संस्थान ने आज अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट का दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ है, उसमें सवार सभी यात्रियों के लिए



गहरी संवेदना प्रकट हुए आज श्रद्धांजलि दी गई है।

जो यात्री घायल हैं, उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करते है और जो इस संसार से विदा हो चुके हैं, उनकी आत्मा को शांति और मोक्ष की प्रार्थना किया। हम आप सभी से विनम्र अनुरोध करते हैं कि आप आज अपने व्यस्त जीवन से 2 मिनट निकालें और महाकाल मंत्र और गायत्री मंत्र का ध्यान करते हुए सामूहिक प्रार्थना करें।

आपकी यह प्रार्थना एक ऊर्जा बनकर पीड़ितों तक पहुंचेगी। आइए, हम सब एक साथ मानवता के नाते उनके लिए मन से प्रार्थना करे । श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से श्री राजेश कुमार डागा, श्री योगेश खत्री, श्री राजकुमार बाफ्ना, श्री आलोक बिन्दल, श्री राजेश माखीजा, श्री संजय कुमार तेजवानी, श्री अमित खण्डेलवाल, श्री भावेश अग्रवाल, श्री जैनम बैद, श्री धनेश बरडिया, श्री नागेश कांकरिया, श्री अरूण शुक्ला, श्री अशोक पांडे, श्री दीपक वाधवानी, श्री दिनेश चंद्र मिश्रा आदि शामिल थे।

## राजनंदगांव की विशेष सामाजिक बैठक 15 जून को

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कोसरिया यादव महासभा राजनंदगांव की विशेष सामाजिक बैठक 15 जून दिन रविवार को जिला मुख्यालय कौरिन् भांठा राजनंदगांव में प्रात: 11 बजे से जिला अध्यक्ष श्री कंसु राम यादव की अध्यक्ष ता में आयोजित है,जिसमें जिला,तहसील,सर्किल प्रमुखों के साथ युवा एवं महिला मंडल के अध्यक्ष एवं सचिवों की उपस्थिति अनिवार्य है। सामाजिक बंधुओं,कार्य कर्ता गणों की उपस्थिति ही हमारी सफ्लता होगी। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्री दुर्गा प्रसाद यादव ने दिया।

## कन्हारपुरी में पेड़ों की अवैध कटाई ग्रामीणों ने सोपे ज्ञापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34 कन्हारपुरी में हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई मामले में कुछ ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत की है। शिकायत में उन्होंने बताया है कि गांव में कुछ लोगों ने 100 से ज्यादा पेड़ों की अवैध कटाई कन्हारपुरी से सुंदरा और मुक्ति धाम जाने वाले मार्ग में की है। उन्होंने पेड़ कटाई के दोषी व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि कन्हारपूरी वार्ड नं 34 राजनादगांव में कुछ लोगों द्वारा जिनका नाम इस प्रकार है टोपराम साहू, एवं माधो बजरंग पिता, रामलाल बजरंग और इनके साथियों द्वारा एक समिति बनाकर कन्हारपूरी से सुंदरा एवं मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग के किनारे की लगभग 100 पेड़ो को जो शासकीय भूमि में थी उसे अवैध तरीके से कटाई कर बेचा जा रहा है और इनके द्वारा पूर्व में भी लाखो रुपये मे पेड़ो को बेचा गया है जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है और भारत सरकार द्वारा पर्यावरण एवं हरे भरे वृक्ष को बचाने का जो कानून बना है उसका उल्लंघन खुलेआम किया जा रहा है इस मामले में समिति के नाम पर खाता खुलवाया गया है उसकी जांच कर जल्द से जल्द कार्यवाही करें और अवैध पेड़ों कि कटाई करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई है।



## शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक राजनांदगांव में प्रवेश के लिए ऑनलाईन पंजीयन 15 तक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश की प्रथम मैनेजमेंट (एम.ओ.एम.), कस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग (सी.डी.डी.एम.), तथा इलेक्ट्रनिक्स एवं टेली कम्यूनिकेशन (ईटी.एण्ड टी.) ब्रांच जैसी रोजगारोन्मुखी उवर्षीय पाठ्यकम संचालित है। इच्छुक अभ्यर्थी 11 से 15 जून के मध्य ऑनलाईन पंजीयन करा सकते है। पंजीयन आबंटित सीटों के आधार पर किया जाएगा। प्रथम चरण में 21 से 24 जून तक प्रवेश प्रकिया संपन्न होगी। प्रवेश प्रकिया आसार एवं सुगम बनाने के लिए संस्था परिसर में सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है, जहां छात्रों को पंजीयन में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर सहायता प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए cgdte.admission.nic.in में जाए। काउसिलिंग में संस्था एवं पाठ्यक्रम के आबंटन के पश्चात् अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु संबंधित संस्था में जाकर अपने मूल दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन कराना होगा।




## विजय कुमार गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अनुमोदित संस्था के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान मीना केतन पटनायक ने छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रॉकी रेनॉलड एंथोनी की अनुशंसा पर दक्षिण बस्तर बारसूर निवासी श्री विजय कुमार गुप्ता को दंतेवाड़ा जिला से अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया इसके पश्चात नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को संगठन के कार्य प्रणाली को साझा करते हुए आमजन की समस्या के हित के लिए कार्य करने के निर्देश दिए गए जैसे भारत के किसी भी राज्य /जिला में यदि आप जमीन विवाद, भूमि अतिक्रमण, यौन शोषण, दुष्कर्म, घरेलू हिंसा ,दहेज प्रताड़ना, वित्तीय अनियमितता ,भ्रष्टाचार ,झूठे मुकदमा में फ्साने ,अवैध तरीके से गिरफ्तारी करने, प्राथमिक दर्ज नहीं करने, मानव /बाल तस्करी वा आवेदन /शिकायत पर कार्यवाही नहीं करने इत्यादि मामलों से परेशान आमजन की समस्या का समाधान करने को कहा गया एवं जल्द से जल्द अपनी जिला टीम गठित कर संगठन के के इस कार्य को करने की निर्देश दिए गए एवं जिला अध्यक्ष बनने के उपलक्ष में छत्तीसगढ़ टीम वा अंतरराष्ट्रीय टीम की ओर से भी बहुत-बहुत बधाई दी गई।



# वार्ड नं. 45 में जीवन कालोनी तथा अटल आवास के पास सामुदायिक भवन बनाने महापौर ने किया भूमिपूजन

### आंगनबाडी में नवजात शिशुओ का हुआ अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओ को सुपोषण कीट वितरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर विकास की कडी में नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली के अलावा सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। इसी कडी में आज महापौर श्री मधुसूदन यादव ने वार्ड नं. 45 के जीवन कालोनी तथा अटल आवास 150 क्वाटर के पास अधोसंरचना पर्यावरण उपकर निधि अंतर्गत 10-10 लाख रूपये की लागत के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दोनो स्थानो में अलग अलग आयोजित कार्यक्रम में भूमिपूजन पूजा अर्चना कर श्रीफ्ल फोड कर किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री आलोक श्रोती, श्रीमती वर्षा सिन्हा, श्रीमती केवरा राय, श्री डिलेश्वर साहू, वार्ड पार्षद श्री दुरेन्द्र साहू, पार्षद श्रीमती श्रुति लोकेश जैन,श्री रवि सिन्हा, श्रीमती अमृता सिन्हा, श्री सतीश साहू, श्री सेवक उईके, श्री शेखर यादव, श्री शेखर लश्करे, श्रीमती खेमीन राजेश यादव, पूर्व पार्षद श्री अतुल रायजादा, श्री शरद सिन्हा, श्री विजय राय, पार्षद प्रतिनिधि श्री पंकज कुंजरेकर, सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुमित भाटिया, श्रीमती आरती पवार, श्री लाल मुनाई विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में महापौर सहित अतिथियों ने आंगन बाडी में गर्भवति महिलाओ को सुपोषण कीट का वितरण कर नवजात शिशुओ का अन्न प्रासन कराया।



कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद श्री संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शासन द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत सामुदायिक भवन,मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौदर्यीकरण, उद्यान निर्माण कार्यो के लिये राशि उपलब्ध कराये है जिससे सभी वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज वार्ड नं. 45 के 150 क्वाटर अटल आवास के पास एवं जीवन कालोनी में सामुदायिक भवन निर्माण कराने भूमिपूजन किया जा रहा है। सामुदायिक भवन बन जाने से क्षेत्रवासियों को विभिन्न आयोजनों के लिये एक अच्छा स्थान मिल जायेगा। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा, साथ ही वार्डवासियों की अन्य मांगो का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। महापौर श्री यादव ने कहा कि आज आंगनबाडी में गर्भवती महिलाओ को सुपोषण कीट का वितरण कर नवजात शिशुओ का अन्न प्राशन कराया गया। यह कार्य शासन पहल से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाडीयों मे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय हर वर्ग के लोगो का ध्यान रख उन्हें छोटी से छोटी योजना का लाभ दे रहे है। उनका उद्देश्य प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को शासन की योजना का लाभ देना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में जीवन कालोनी में प्रमोद साहू, हर्ष लता देशमुख, प्रियंका तिवारी, निशा बघेल, अकिता श्रीवास, सुनीता खडगे, अर्चना देशमुख, एस.के. सिंह, अरूण राव जीवन चतुवेदी, खेम साहू, धालेश वैष्णव ने एवं अटल आवास 150 क्वाटर में कांति मौर्य, दुर्गा सिन्हा, लक्ष्मी गोस्वामी, माया मेश्रा, राजू गुप्ता, नरेश, विक्की, आदि ने अतिथियो का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## भाजपा के कुशासन में संस्कारधानी में खुले आम चल रहा गुंडाराज - अभिमन्यु मिश्रा

### ग्रामीण, आदिवासियों पर रेत तस्कर चला रहे गोली, संसद विधायक महापौर तीनों इंजन ठप

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स ) ।** राजनांदगांव के मोहड़ वार्ड में रेत तस्करी का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर गोली चलने के मामले पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने भाजपा सरकार की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि भाजपा राज में जो कभी नहीं हुआ वो भी हो रहा है, संस्कारधानी राजनांदगांव में लगातार हो रही रेत तस्करी का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर तस्करों ने बंदूक तान दी यहां तक गोली भी चला दी जिससे एक आदिवासी युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है एक और ग्रामीण जितेंद्र साहू को भी जिला चिकित्सालय भेजा गया है, हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना करते हैं ।



राजनांदगांव जिला जिसे वीआईपी जिला माना जाता है उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा यहां के प्रभारी मंत्री हैं, हर बात में श्रेय लेने आगे रहने वाले दूसरी बार के सांसद संतोष पांडे का संसदीय क्षेत्र, पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह यहां के विधायक हैं उसके अलावा शहर के तीसरी बार के महापौर मधुसूदन यादव भी हैं इन सभी के राजनांदगांव को समृद्ध व विकासशील बनाने के खोखले दावों के बीच तस्कर खुले आम जनता पर गोली चला रहे हैं विष्णुदेव के कुशासन में आदिवासियों पर गोली चल रही है लेकिन अबतक ये सभी नेता मौन हैं, यहां तक वार्ड पार्षद के भी मिले होने की बात बताई जा रही है जो कि ग्रामीणों के घेरने के बाद डर कर पुलिस के वाहन में बैठ कर निकाला, यह सिद्ध करता है कि किस तरह तीनों इंजनों की हवा निकल चुकी है और कानून व्यवस्था किस कदर चरमरा गई है यह भी स्पष्ट है इसके साथ ही वार्ड पार्षद के भी भाजपा को समर्थन दिया हुआ है । ऐसा वाकया पहली बार राजनांदगांव में हुआ है हम तत्काल हमलावरों को गिरफ्तार किया जाने व उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने की हम मांग करते हैं और मोहड़ के ग्रामीणों और पीड़ितों के परिवारों के साथ हर कदम पर खड़े हैं उनके साथ न्याय और क़ानून व्यवस्था के लिए लड़ाई हम लड़ेंगे ।

## देवसिंह बैगा को मिला प्रधानमंत्री जनमन आवास, जीवन की परेशानियों से मिली मुक्ति

<u>पदमराज सिंह ठाकुर</u>

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय तक अब शासन की योजनाओं का लाभ सशक्त रूप से पहुँच रहा है। वर्षों से झोपड़ी व कच्चे मकानों में जीवन बिताने वाले इन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय महान्याय (जनमन) आवास योजना आशा की एक नई किरण बनकर उभरी है। बोड़ला विकासखंड के बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायत राजाढार निवासी श्री देवसिंह बैगा लंबे समय से मिट्टी के कच्चे घर में अपने परिवार के साथ रहते थे। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए केवल सपना था। लेकिन वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत उनका नाम पात्रता सूची में शामिल किया गया और उनका आवास स्वीकृत हुआ।



## छुरिया में उपमुख्यमंत्री अरुण साव साहू भवन का करेंगे लोकार्पण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया तहसील साहू संघ छुरिया के नवनिर्मित साहू सदन का लोकार्पण व सम्मान समारोह 13 जून दिन शुक्रवार को समय 1 बजे आयोजित की जा रही है जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय अरुण साव छग शासन होंगे। अध्यक्षता टहल सिंह साहू प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज प्रमुख अतिथि माननीय सांसद संतोष पांडे क्षेत्रीय विधायक भोलाराम साहू डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू नवाज खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव विशेष अतिथि छन्नी चंदू साहू पूर्व विधायक, भागवत साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज कमल किशोर साहू संरक्षक, नीरेंद्र साहू संरक्षक,अजय पटेल अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया होंगे। ज्ञात हो कि तहसील साहू संघ छुरिया का गठन 1995 में अविभाजित राजनांदगांव से पृथक होकर आस्तित्व में आया लेकिन 30 वर्षों तक समाज का कोई भवन उपलब्ध नही था। तहसील साहू संघ छुरिया के भनेश्वर प्रसाद साहू के अथक प्रयास व परिश्रम रंग लाया और तत्कालीन भूपेश सरकार के दौरान 19 लाख 60 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति व राजगामी संपदा न्यास से 10 डिसमिल जमीन आबंटन के बाद साहू समाज के प्रत्येक सदस्यों की आर्थिक सहयोग पश्चात साहू सदन का निर्माण सम्भव हो पाया है।

## अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस का शिकंजा - पांडातराई थाना ने दो तस्करों को 2.397 किलोग्राम गांजा के साथ किया गिरफ्तार



<u>पदमराज सिंह ठाकुर</u>

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पांडातराई पुलिस द्वारा दो व्यक्तियों को 2 किलो 397 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में की गई।

दिनांक 12.06.2025 को ग्राम रैतापारा में दो संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा सफेद प्लास्टिक बोरी में गांजा लेकर ग्राहक की तलाश किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों के नाम होली राम चंद्रवंशी पिता चंदू राम चंद्रवंशी उम्र 57 वर्ष निवासी रैतापारा तथा भुखन दास मानिकपुरी पिता प्रेमदास मानिकपुरी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम चरखुरा कला हैं।

गवाहों की उपस्थिति में तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 2 किलो 397 ग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 23,000 रुपये है। बरामद गांजा को विधिवत सीलबंद कर जब्त किया ।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506093100002**

विषय:- ब-121. मामले की श्रेणी:- राजस्व

सनः- 2024-2025

टप्पा (प ह न. 00006),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- महेश जैन,

अनावेदक पक्षकार - छ. ग. शासन,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, ओवदक महेश जैन स्व. कुशालचंद जैन निवासी गंज लाइन राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम टप्पा पटवारी हल्का नं0 06 तहसील डोंगरगांव स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं0 95/2 रकबा 0.3040 हेक्टेयर मेरे तथा मेरे भाई मनोज जैन पिता स्व. कुशालचंद जैन एवं मुकेश जैन पिता स्व. कुशालचंद जैन के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज व स्थित है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका बनवाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदन के आधार पर डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका जारी किये जानें जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार की दावा। आपत्ति हो तो पेशी तिथि 23/06/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता मुख्तार के माध्यम से दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
डोंगरगांव

## पीडब्ल्यूडी विभाग को जगाने किया जोरदार धरना प्रदर्शन

### कोपेडीह, आलीखुंटा, आरगांव, बोदेला रोड जर्जर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चार गांव के सैकड़ो लोगों ने कोपेडीह नेशनल हाईवे के पास चक्का जाम कर दिया है। जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। यह आंदोलन कोपेडीह आलीखुंटा, आरगांव और बोदेला रोड जर्जर होने के चलते किया गया है। इस साल के बजट में रोड डामरीकरण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति नहीं होने से लोग लोक निर्माण विभाग सहित सरकार पर गुस्सा उतार रहे हैं। ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे ह॥ (रायपुर से नागपुर) से लगा हुआ ग्राम कोपेडीह, आलीखुटा, आरगांव, बोदेला पहुंच मार्ग 05 कि.मी. जो काफजर्जर हो गया है 2023-24 के बजट में शामील होने के बाद भी रोड को नही बनाया गय है। ग्रामवासीयो को और स्कूली बच्चो को आवागमन करने में बहुत परेशानी होता है। मजबुतीकरन एवं डामरीकरन करने के लिए विगत 10 वर्षों से ग्राम वासियो के द्वारा मांग किया जा रहा है।



आंदोलन के सभा को संबोधित करते हुए जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार थोथा चना बाजे घना की तर्ज पर काम कर रही है एक ओर विकसित भारत का सपना दिखाती है और दूसरी ओर बुनियादी समस्याएं हल नहीं कर पाती है यह कैसी सरकार है। इसे तो दारू से तिजोरिया भरने की सूझी हुई है। जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं है पूरी गर्मी भर ग्रामीण और नागरिकों को पीने की पानी की समस्या से जूझना पड़ा और बिजली के लिए जूझना पड़ा। जिस सड़क के डामरीकरण के लिए हम आंदोलन कर रहे हैं गर्मी भर धूल खानी पड़ी और अब बरसात में हमें कीचड़ से लथपथ होना पड़ेगा। जल्द इस जर्जर सड़क में गंभीर दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है शासन प्रशासन को जरा भी चिंता नहीं है। श्री साहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर इस सड़क के डामरीकरण के लिए प्रशासकीय सुकृति नहीं मिलती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग का पुतला दहन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से लीकेश गंधर्व सरपंच ग्राम पंचायत आरगांव बीर सिंग् चंद्रवंशी सरपंच ग्राम पंचायत कोपेडीह सरपंच ग्राम पंचायत बोदेला सरपंच ग्राम पंचायत तुमडीबोरड श्रीमती सरिता साहू सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव महेंद्र यादव सदस्य जिला पंचायत राजनंदगांव मदन साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव श्रीमती क्रांति बंजारे पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजनंदगांव मनोज साहू पूर्व सरपंच आर गांव गौतम वर्मा इंद्रसेन साहू बोदेला बीशेश्वर साहू भोलाराम साहू नैनेश्वर पटेल नैनेश्वर पटेल श्रीमती गुलबिया श्रीमती निर्मला कौशिक श्रीमती अमृत चंद्रवंशी श्रीमती कुमारी निषाद श्रीमती सीमा निषाद पेवाराम साहू खेमलाल चंद्रवंशी धन सिंग चंद्रवंशी नरेश कुमार आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## जिला कोसरिया यादव समाज की बैठक 15 को

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कोसरिया यादव महासभा राजनंदगांव की विशेष सामाजिक बैठक 15 जून दिन रविवार को जिला मुख्यालय कौरिन् भांठा राजनंदगांव में प्रात: 11 बजे से जिला अध्यक्ष श्री कंसु राम यादव की अध्यक्ष ता में आयोजित है,जिसमें जिला,तहसील,सर्किल प्रमुखों के साथ युवा एवं महिला मंडल के अध्यक्ष एवं सचिवों की उपस्थिति अनिवार्य है। सामाजिक बंधुओं,कार्य कर्ता गणों की उपस्थिति ही हमारी सफ्लता होगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

- ईश्तहार::-

रा.प्र.क 202505095300062
ब/121-वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश वर्मा पिता हरकराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम पुरैना तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्र ओमप्रकाश वर्मा का दिनांक 04.09.2007 को ग्राम पुरैना में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र ओमप्रकाश वर्मा का दिनांक 04.09.2007 को ग्राम पंचायत पुरैना में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह 20.06.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

### शुभांक

1-3-9

160-7 790-6

### भाग्यांक

356-4 133-7

**नाम परिवर्तन**

मैं सरस्वती बाई लाउत्रे पति श्री भरत लाल लाउत्रे जाति महार निवासी ग्राम बम्हनीभांठा तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.), कृषक ग्राम बांकल, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ0ग0) का हूँ। जो कि मेरा नाम सरस्वती बाई लाउत्रे है, परन्तु राजस्व अभिलेख में नीलम दर्ज है। जिसे सुधार कर भू राजस्व अभिलेख में सरस्वती बाई लाउत्रे पति भरत लाल लाउत्रे दर्ज किया जावे।

**सरस्वती बाई लाउत्रे**
ग्राम बम्हनीभांठा
तहसील डोंगरगांव
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

## ज्ञान मंथन

*1) भारत में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस किस दिन मनाया जाता है?*
*2) लोकपाल में कितने सदस्य होते हैं?*
*3) सोनोब्वाय का प्राथमिक कार्य क्या है?*
*4) ब्रिटेन का वह गवर्नर कौन है जिसने भारत में डाक टिकट शुरू किया था?*
*5) सबसे बुजुर्ग टेस्ट क्रिकेटर रॉन ड्रेपर का 25 फरवरी 2025 को निधन हो गया? वह किस देश से संबंधित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 16 जनवरी (2) 8 (3) पानी के अंदर की आवाजों पर नजर रखने के लिए (4) लॉर्ड डलहौजी (5) साउथ अफ्रीका

# नगर पालिका अध्यक्षीय कार्यकाल के 100 दिन पूरे...गिनाई उपलब्धियां

## नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा-100 दिन...स्वच्छता, सेवा और समर्पण के उपलब्धियों की पुस्तिका का विमोचन, कान्फ्रेंस में बताया जनसेवा हमारा संकल्प

**पदमराज सिंह ठाकुर**

कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)। नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने कार्यकाल के पहले 100 दिन पूरे होने पर नगर पालिका परिषद कवर्धा में उपस्थित प्रमुख अतिथियों को अपनी उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर 100 दिन पूरे होने पर पुस्तक का विमोचन कर जनता के नाम समर्पित किया । साथ ही प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाकर अब तक किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। हमारा उद्देश्य-स्वच्छ सुंदर और विकसित शहर बनाना चंद्रवंशी ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है। उन्होंने बताया कि बीते 100 दिनों में नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है, साथ ही कई वार्डों में सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत और नालियों की सफाई जैसे बुनियादी कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री चंद्रवंशी ने पारदर्शी प्रशासन और जनता की सहभागिता को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि नगरवासियों का सहयोग और विश्वास ही उनकी असली ताकत है और आगे भी शहर के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।



उन्होंनें कहा कि नगर पालिका टीम पूरे कवर्धा वासियों को विश्वास में लेकर काम कर रही है उन्होनें भरोसा जताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव की छत्तीसगढ़ सरकार में उप मुख्यमंत्री कवर्धा विधायक विजय शर्मा जी के कुशल नेतृत्व एवं सांसद संतोष पाण्डे के मार्गदर्शन में कवर्धा नगर पालिका ट्रिपल इंजन वाली सरकार की गति से आगे बढ़ रही है और आने वाले समय में कवर्धा नगर पालिका नई ऊंचाइयों को छुएगी। स्वचछता के क्षेत्र में कार्य करते हुए सभी वार्डो में स्वच्छता अभियान के साथ-साथ प्रत्येक रविवार हमने तालाबो के सफाई का अभियान हमने जन भागीदारी बढ़ाने और जागरूकता के दृष्टि से प्रारभ किया है।

**100 दिन-मेहनत100 प्रतिशत**

उन्होनें अपनी बात रखते हुए कहा कि कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष के पद पर कार्य करते हुए आज 100 दिन पुरे हो रहे है। यह 100 दिन हमने अपना 100 प्रतिशत मेहनत व लगन से स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा बनाने के दिशा में एक कदम आगे बढाया है। आप सभी के विश्वास और आशीर्वाद व मार्गदर्शन से नगर विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में जहां पारदर्शिता, जन संवाद और साफ-सफाई को प्राथमिकता दी गई, वहीं भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई बड़े निर्माण कार्य भी शुरू किए गए हैं। कवर्धा नगर वासियों ने जिस विश्वास के साथ हमारी टीम को सेवा करने का मौका दिया है नगर पालिका जनता और पालिका के सहयोग से चलने वाली सरकार है शहर को आगे बढ़ाने के लिए स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए सयुक्त भागीदारी की हमेशा आवश्यकता होती है।

# विधानसभा अध्यक्ष से साकेत का प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** साकेत साहित्य परिषद सुरगी का प्रतिनिधि मंडल 12 जून को शंकरनगर, रायपुर पहुंच कर विधानसभा



अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। साकेत के पदाधिकारियों ने डा. रमन सिंह को बुके भेंट कर स्वागत किया और रजत जयंती स्मारिका भेंट की। प्रतिनिधि मंडल की विधानसभा अध्यक्ष से सार्थक चर्चा हुई।इस प्रतिनिधिमंडल में साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर, पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर, उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना, नंदकिशोर साव नीरव, कुलेश्वर दास साहू, आनंद राम सार्वा, सहसचिव डोहर दास साहू , जनप्रतिनिधियों में गुरूचरण सिन्हा और हुलासी राम ढीमर शामिल थे।

# अवैध खनन एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में चल रहे खनिज संपदा के खुलेआम अवैध खनन पर कोई कठोर कार्यवाही नही होने का कारण माफियाओ के होशले बुलंद है। अवैध खनन के मामले में शिवसेना के नेता लगातार ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराते रहे है लेकिन प्रशासन ने जिले में कोई ठोस कार्यवाही अब तक नही की जिसके चलते बुधवार की रात राजनांदगांव शहर के वार्ड क्र. 49 में अवैध खनन माफियायों ने रेती निकलने का कार्य किया जिस पर जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्यवाही नही की इसलिए ग्रामीणों को उक्त मामले में सामने आना पड़ा और फिर वहां माफियाओ द्वारा ग्रामीणों पर हमला किया गया। जिससे कई ग्रामीणों को चोटिल होने पड़ा। ऐसी घटना जिले में कई बार बीत चुकी है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कार्यालय से ही खानापूर्ति करते नजर आते है। शिवसेना के प्रदेश सचिव कमल सोनी एवं जिलाध्यक्ष आकाश ने कहा कि बुधवार रात हुई घटना की शिवसेना पार्टी घोर निंदा करती है और शासन प्रशासन से मांग करती है कि उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुवे खनन माफियाओं सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कठोर कार्यवाही करें। जिससे शासन प्रशासन एवं कानून का डर अवैध खनन करने वालो में बना रहे। और ऐसी कोई घटना दोहराई न जाये। अन्यथा शिवसेना पार्टी खनिज माफियाओं और सभी जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करेगी।

# विष्णु के सुशासन में जनता पर गोलियां भी चलती है - देवेश वैष्णव

## मोहड़ की घटना के बाद कांग्रेस नेता ने दी त्वरित प्रतिक्रिया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के बराबर वोट पाने वाले कांग्रेस नेता देवेश वैष्णव ने मोहड़ वार्ड में जनता पर गोलियां चलाने की घटना को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जोरदार तंज कसा है। उन्होंने कहा कि विष्णु का सुशासन कहकर अपनी पीठ थपथपाने वाली भाजपा सरकार अपने सुशासन में जनता पर भी गोलियां भी चलाने लगी है। फिर भी भाजपाइयों विष्णु का सुशासन कहने में शर्म नहीं आएगी। देवेश वैशणव ने प्रेस को जारी बयान में आगे कहा कि भाजपा शासन में चारों तरफ अपराध का बोलबाला हैं। खनिज माफिया वन उपज माफिया यह सब भाजपा के ही आदमी है। जो किसी भी हद तक जाने लगे हैं कहीं भी गलत होता है तो जनता विरोध करने के लिए प्रखर होती ही है। लेकिन सत्ता का संरक्षण प्राप्त करके रेत माफिया ने मोहड़ में वहां के ग्रामीणों पर गोलियां चला दी फिर भी आरोपी बच निकला है छान कर आ रही खबरों के मुताबिक इसमें वार्ड पार्षद का सीधा हाथ है जो रेत माफियाओं के गोली चलाने के दौरान की गाड़ी पर सवार थे बताए जाते हैं।श्री वैष्णव ने कहा कि इस प्रदेश में पिछले पंचवर्षीय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार थी तब रेत माफियाओं पर शिकंजा कसा हुआ था। इस तरह से गोली कांड नहीं हुआ था। आश्चर्य की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव में गोली चली है रेत माफियाओं में ऐसी हिम्मत सत्ता सरकार के संरक्षण में ही आ सकती है। राजनांदगांव में शराब गांजा जमकर तस्करी हो रही है खुलेआम बिक रहे हैं फिर भी कोई नियंत्रण नहीं पुलिस भी सत्ता पक्ष के नेताओं के दबाव में काम करती प्रतीत होती है।



# डोंगरगांव में सम्पन्न हुआ फूड सेफ्टी सुपरवाईजर ट्रेनिंग व रसोइया प्रशिक्षण



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मध्य हुए कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के मद 7 में स्वीकृत कार्ययोजना 2024-25 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिला मुख्यलायो एवं 146 ब्लॉक में खाना बनाने एवं परोसने में सलग्न रसोइयों का फॉस्टेक प्रशिक्षण कराया गया । जिसमें ब्लाक डोंगरगांव के कुल 350 रसोइया को यह प्रशिक्षण 11 जून को पी एम आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दिया गया । डोमेन्द्र ध्रुव खाद्य सुरक्षा अधिकारी , खाद्य एवं औषधि प्रशासन राजनांदगांव के सानिध्य में मास्टर ट्रेनर संजय काले नागपुर द्वारा फूडसेफ्टी से संबंधित समस्त रसोइयों को बताया गया कि शालाओ में बच्चो को गुणवत्तापूर्ण भोजन मीनू अनुसार दिया जाए , और इस बात का ध्यान रखे कि नए सत्र में शाला संचालन के पूर्व ही भोजन कक्ष को साफ सुथरा कर लेवे, ताकि दिवालो में किसी भी प्रकार की गंदगी न रहे, भोजन कक्ष में कही भी जीव जंतु न दिखे । भोजन बनाने के पहले अपने हाथों की सफाई करे फिर सभी खाद्य पदार्थो की सफाई कर भोजन बनाया जाए । फिर भोजन बनने के पश्चात बच्चो कों परोसने से पहले शाला संमिति, पालक समिति या गांव समिति के किसी भी सदस्य भोजन पहले चखाया जाए ताकि भोजन बच्चो को किस प्रकार का दिया जा रहा है उनको भी पता चले । इसी प्रकार रसोइयों को स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई । कार्यक्रम में सेजेस प्रभारी प्राचार्य बी एल देवांगन, आर के गनबीर व्याख्याता, मध्यान्ह भोजन प्रभारी एन के देवांगन सहा ग्रे 02, संकुल समन्वयक देवेंद्र साहू, डामन साहु, विजय जैन व भीम कुमार निषाद, अम्बिका कुँवर, फिनेश कोमरे, नेमीचंद साहू आदि का रसोइया प्रशिक्षण में उल्लेखनीय योगदान रहा ।

# पुरी नरेश और उड़ीसा सीएम को दिया गया राष्ट्रोत्कर्ष दिवस महोत्सव का आमंत्रण

**अरविन्द तिवारी**

**जगन्नाथपुरी (नांदगांव टाइम्स)।** ओड़िशा प्रान्त के अध्यक्ष मातृ प्रसाद मिश्रा द्वारा ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी , पुरी - सांसद एवं भाजपा वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप पात्रा तथा पुरी - नरेश गजपति महाराजा को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 23 जून को आयोजित राष्ट्रोत्कर्ष दिवस महोत्सव का आमन्त्रण पत्र दिया गया।? जहां संदीप पात्रा ने इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की और वहीं गजपति महाराजा ने उपस्थित रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पुरी शंकराचार्य के प्रतिनिधिमण्डल में ओडिशा प्रान्त के उपाध्यक्ष सुयश प्रशान्त ब्रह्मचारी सहित रघुनाथ मोहन्ती , हेमचन्द्र झा , सत्यजीत बेज एवं संग्राम






कानूनगो सहित अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि हिन्दुओं के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र के प्रणेता पूर्वाम्नाय गोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज का राष्ट्रोत्कर्ष अभियान यात्रा के अंतर्गत दिल्ली प्रवास में धर्मसंघ पीठपरिषद , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी संगठन द्वारा समस्त सनातनी धर्मावलंबियों एवं सर्वसमाज की सहभागिता से शंकराचार्य जी का 83 वॉं प्राकट्य महोत्सव राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में 23 जून 2025 को शाम साढ़े चार बजे दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित है। इस प्राकट्य महोत्सव के पावन अवसर पर मंचीय कार्यक्रम के अंतर्गत महाराजश्री का दिव्य दर्शन एवं आशीर्वचन सुलभ होगा। महाराजश्री द्वारा संस्थापित संगठन धर्मसंघ पीठपरिषद , आदित्यवाहिनी ङ्क आनन्दवाहिनी ने उपरोक्त कार्यक्रम में सभी सनातनी भक्तवृन्दों से सपरिवार , इष्टजनों सहित उपस्थित होकर दर्शन एवं श्रवण लाभ लेने हेतु आह्वान किया

## धर्म समाचार....

# नीम से कर लें ये उपाय, एक नहीं बल्कि कई ग्रहों के बुरे प्रभाव से मिलेगी मुक्ति




खाने में नीम जितना कड़वा होता है इससे उतने ही अधिक फायदे भी मिलते हैं। केवल वैज्ञानिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि ज्योतिष दृष्टि से भी नीम को बहुत ही खास माना गया है। ऐसे में यदि आप नीम से कुछ उपाय करते हैं तो उससे आपको जीवन में चल रही कई समस्याओं का समाधान मिल सकता है।

नीम के पत्तों से लेकर इसकी छाल तक में कई तरह के औषधीय गुण पाए जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र में नीम के पेड़ से संबंधित कुछ उपाय बताए गए हैं, जिन्हें करने से आपको कई तरह की परेशानियों से मुक्ति मिल सकती है। चलिए जानते हैं इसके बारे में।

**नीम लगाने के फायदे**

ज्योतिष शास्त्र में माना गया है कि घर के आसपास नीम का पेड़ लगाने से मंगल ग्रह शांत होता है। इसके साथ ही साधक पर शनिदेव की कृपा भी बनी रहती है। वास्तु के अनुसार, नीम का पेड़ लगाने के लिए दक्षिण दिशा को सबसे उत्तम माना गया है। इससे घर में बरकत बनी रहती है।

**शनि दोष से मिलेगी राहत**

नीम के पत्तों को उबालकर उस पानी से घर को पोछा लगाएं या फिर इस पानी का घर में छिड़काव करें। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा समेत आपको कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इसके साथ ही यह भी माना जाता है कि नीम की लकड़ी की माला पहनने से भी शनि देव की कृपा साधक पर बनी रहती है। वहीं अगर नीम की लकड़ी से हवन किया जाए, तो इससे शनि ग्रह शांत होता है।

**दूर होगी नकारात्मकता**

घर से नकारात्मकता दूर करने के लिए आपको रोजाना घर में नीम की सूखी पत्तियों का धुआ करना चाहिए। इससे आपको नेगेटिव एनर्जी से छुटकारा मिलता है और परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहता है। इसके साथ ही व्यक्ति को कई तरह की बीमारियों से भी मुक्ति मिल सकती है।

**शांत होगा राहु-केतु दोष**

अगर आपकी कुंडली में राहु-केतु से संबंधित दोष है तो ऐसे में नीम का यह उपाय आपके काम आ सकता है। इसके लिए नीम की पत्तियां उबालकर उस पानी से रोजाना स्नान करना चाहिए। इसके साथ ही रोजाना नीम के पेड़ में जल चढ़ाने से व्यकति को हनुमान जी की कृपा की भी प्राप्ति हो सकती है।

## जून में कब शुरू हो रहे हैं गुप्त नवरात्र, जानिए कैसे पाएं मां दुर्गा की कृपा

गुप्त नवरात्र के इन नौ दिनों में मां दुर्गा की विशेष कृपा पाने के लिए विभिन्न अनुष्ठान किए जाते हैं। गुप्त नवरात्र में घर को स्वच्छ रखें लाल फूलों से मंदिर को सजाएं और नियमित रूप से पूजन करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और जरूरतमंदों को दान करें। इस साल गुप्त नवरात्र 26 जून से शुरू हो रहे हैं। इसी दिन सुबह 5.25 बजे से 6.58 बजे के बीच घट स्थापना की जाएगी। इस समय में शारदीय नवरात्र की तरह पूजन और अनुष्ठान किए जाते हैं। मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए इन नौ दिनों में अलग-अलग तरह के अनुष्ठान किए जाते हैं। साल में कुल चार नवरात्र होती हैं, जिसमें से चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्र तो धूमधाम के साथ में मनाई जाती हैं। मगर, मां दुर्गा की उपासना के दो मौके ऐसे होते हैं, जिनमें गुप्त रूप से पूजा की जाती है। इन्हें गुप्त नवरात्र के नाम से जाना जाता है। यह 9 दिन भी व्रत और उपासना के ही होते हैं, जिसमें आत्मा की शुद्धि और देवी की कृपा पाने का पूरा मौका साधक को मिलता है। आई इस मौके पर जानते हैं मां दुर्गा की विशेष कृपा पाने के लिए आपको क्या करना चाहिए।




**गुप्त नवरात्र में ऐसे करें आराधना -** घर में पवित्र रखें पूरे घर की साफसफाई के बाद में मंदिर में मां दुर्गा की पूजा के लिए दरबार को अच्छी तरीके से साफ करके लाल फूलों से सजा और इन नौ दिनों में नियमित रूप से पूजनकरें। आप चाहे तो पूरे 9 दिन का उपवास रख सकते हैं यदि ऐसा नहीं कर सकते तो कम से काम पहले और आखिरी दिन उपवास करने से लाभ मिलेगा। चैत्र और शारदीय नवरात्र की तरह ही गुप्त नवरात्र पर भी घर में दुर्गा की कृपा के लिए अखंड ज्योति जलाएं यह ज्योति 9 दिनों तक जलनी चाहिए जो की देवी की शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से घर को भर देगी। दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से नवरात्र में विशेष फल लाई होता है इससे देवी की कृपा प्राप्त होती है और सड़क को सभी प्रकार की सकारात्मक ऊर्जाएं मिलती हैं मां का आशीर्वाद बना रहता है। नवरात्र के दौरान दान पुण्य करने का भी प्रावधान होता है जरूरतमंद लोगों को फल अनाज वस्त्र धन और दान दक्षिणा का दान करना चाहिए विशेष रूप से अष्टमी या नवमी के दिन कन्या पूजन के बाद में छोटी कन्याओं को भोजन के बाद में दक्षिण देना चाहिए।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# दोहरे हत्या कांड मामले का हुआ खुलासा : थाना बोरतलाव, बागनदी एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही

## योजनाबद्ध तरीके से मृतकों को शराब पीलाकर दिया घटना को अंजाम , 10 वर्ष पूर्व पुरानी रंजीश को लेकर बनाये थे हत्या करने का प्लान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आरोपी:- (01) अजहर खान उर्फ विक्की पिता स्व. बब्बर खान, उम्र 34 वर्ष, निवासी रजानगर वार्ड नं. 20 थाना डोंगरगढ, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में पूर्व में आर्म्स एक्ट एवं मारपीट का मामला है दर्ज।* (02) इकबाल खान पिता लतीफ खान उम्र 33 वर्ष, निवासी रजानगर टेकरीपारा वार्ड नं. 20 थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में पूर्व में मारपीट का मामला है दर्ज। (03) खिलावन वर्मा पिता प्रीतम वर्मा उम्र 25 वर्ष, निवासी बिच्छीटोला, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) मृतक:- (01) सूरज कुमार सेन पिता कृतलाल सेन उम्र 23 वर्ष, निवासी सहसपुर दल्ली वार्ड नं. 02 थाना ठेलकाडीह, जिला के.सी.सी. (छ.ग.) (02) मिन्टू वर्मा उर्फ आलोक वर्मा पिता रिखीराम वर्मा उम्र 31 वर्ष, निवासी सहसपुर दल्ली, थाना ठेलकाडीह, जिला केसीसी (छ.ग.) विवरण:-

**केस-1-** दिनांक 06.06.2025 को थाना बोरतलाव क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बागरेकसा जंगल रास्ते में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही प्रारंभ की गई थी मर्ग जाच के दौरान मृतक की पहचान सूरज सेन पिता कृत लाल सेन उम्र 23 वर्ष, निवासी सहसपुर दल्ली थाना ठेलकाडीह, जिला खैरागढ़ के रूप में हुई थी एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतक की मृत्यु किसी भारी वस्तु/ पत्थर से वार कर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या करने के फ्लस्वरूप होने की जानकारी मिली थी। मर्ग जांच पर से थाना बोरतलाव में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 27/25, धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही किया जा रहा था।

**केस-2-** विवेचना के दौरान ही दिनांक 08.06.2025 को थाना बागनदी क्षेत्रन्तर्गत ग्राम सीतागोटा-बोईरटोला मार्ग पुल के नीचे पुन: एक करीब 03-04 दिन पुरानी सडीगली अवस्था में अज्ञात शव मिलने की सूचना पर थाना बागनदी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही प्रारंभ की गई थी मर्ग जाच के दौरान मृतक की पहचान आलोक उर्फ मिन्टू वर्मा पिता रिखी राम वर्मा उम्र 31 वर्ष, निवासी सहसपुर दल्ली थाना ठेलकाडीह, जिला खैरागढ़ के रूप में हुई थी एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतक की मृत्यु किसी भारी वस्तु/ पत्थर से वार कर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या करने के फ्लस्वरूप होने की जानकारी मिली थी। मर्ग जांच पर से थाना बागनदी में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 08/25, धारा 103 (1), 238 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की जा रही थी।

उक्त दोनो प्रकरणों की विवेचना के दौरान दोनो मृतकों का आपस में संबंध होने एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य आनुसार उक्त दोनो प्रकरण आपस में संबंधित व गंभीर किस्म के होने से प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन पर



एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण पर सायबर सेल प्रभारी विनय पम्मार, थाना बोरतलाव प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र शाह एवं थाना प्रभारी बागनदी निरीक्षक विजय मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की पता तालाश की जा रही थी। पता तालाश के दौरान उक्त टीम द्वारा मृतकों की अंतिम गतिविधियों व परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं तकनीकी आधार पर आरोपियों की पहचान कर आरोपी खिलावन वर्मा निवासी बिच्छीटोला डांगरगढ़, अजहर खान उर्फ विक्की व इकबाल खान दोनों निवासी डांगरगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी खिलावन वर्मा ने बताया कि मृतक आलोक वर्मा उर्फ मिन्टू के द्वारा पूर्व में वर्ष 2016 में उसके 09 वर्षीय भतीजे जितेन्द्र वर्मा निवासी बिच्छीटोला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी हत्या के प्रकरण में मृतक आलोक उर्फ मिन्टू जेल में रहकर 02 वर्ष पहले छुटकर आया था जोकि अपने पैतृक जमीन बेचकर ग्राम सहसपूर दल्ली में रह रहा था। जेल से छुटने के बाद डोंगरगढ़ तरफ घुमने जाकर आरोपी खिलावन वर्मा को देखकर चिढाने की हरकत करता था। आरोपी खिलावन वर्मा का खून खोलता था कि मेरे भतीजे की हत्या कर जेल से छुट कर आराम से घुम रहा है। इसी रंजीश के चलते आरोपी खिलावन वर्मा के मन में बदला लेने की भावना उत्पन होने से एक माह पूर्व आपने अन्य साथी अजहर खान उर्फ विक्की निवासी डोंगरगढ़ हाल पनियाजोब एवं इकबाल खान निवासी डोंगरगढ़ के साथ मिलकर आलोक उर्फ मिन्टू वर्मा की हत्या की योजना बनाये आरोपी खिलावन के द्वारा हत्या करने हेतु आरोपी अजहर एवं इकबाल को एक लाख रूपये देने की बात कही थी और बीस हजार रूपये नगद एडवांस दिया था। योजना बद्ध तरीके से दिनांक 05.06.2025 को आरोपी खिलावन अपनी कार महेन्द्र केयूवी कार से अपने साथी अजहर, इकबाल को बैठाकर सहसपुर दल्ली गये। योजना के अनुसार मृतक आलोक उर्फ मिन्टू को किसी बहाने से अपने पास बुलाये आलोक उर्फ मिन्टू के साथ उसका साथी सूरज सेन भी आलोक के साथ आरोपियों के पास पहुंचा। आरोपियों के द्वारा दोनो को कार में बैठाकर खैरागढ़ तरफ शराब भट्ठी जाकर शराब लिये और सभी कार में ही बैठकर तीनों आरोपी अजहर, खिलावन, इकबाल एक राय होकर राड़ से अलोक वर्मा एवं सूरज सेन की हत्या कर मृतक आलोक एवं घायल सूरज सेन को आरोपियों के द्वारा कार में भरकर आलोक उर्फ मिन्टू एवं सूरज सेन के मोबाईल को बंद कर चलते कार से कही फेक दिये उसके बाद सीतागोटा-बोईरटोला के बीच रास्ते में पुलिस के नीचे में आलोक उर्फ मिन्टू वर्मा के शव को पुन: पत्थर से वार कर चोट पहुंचा कर तीनों आरोपियों के द्वारा छिपा दिया गया। उसके बाद रात्रि में ही घायल सूरज सेन को लेकर बागरेकसा होते हुये चटरा जंगल मैन रोड़ में सूरज सेन को कार से निचे उतार कर उसके सिर को लोहे के राड़ हाथ में पहने चुडे से लगातार मार कर उसको कार से सिर के बल पक्की रोड़ में पटक दिये और चेहरा में पत्थर पटक कर हत्या कर दिये। घटना के बाद आरोपियों द्वारा पहने हुये अपने खून लगे हुये कपड़े को भेजराटोला तालाब के पास जला दिये और तालाब में नहाये।

> **मुख्य आरोपी खिलावन वर्मा द्वारा हत्या के लिये दी गई थी एक लाख की सुपारी**
> ---
> **आरोपियों द्वारा मृतकों के शव को छिपाने के लिये अलग-अलग जगहों पर फेका गया**

खून लगे लोहे के राड़, चुडा को उसी तालाब में फेक दिये। घटना में प्रयुक्त आरोपी खिलावन की कार में लगे सीट कव्हर को भी आरोपियों के द्वारा जला दिया गया। घटना के बाद दिनांक 06.06.2025 को सुबह करीब पांच बजे आरोपी खिलावन के द्वारा अपने साथी आरोपी अजहर और विक्की को कुछ पैसे देकर ट्रेन में बैठाकर अजमेर राजस्थान भेज दिया था। जोकि अजमेर राजस्थान से वापस डोंगरगढ़ आकर लूकछिप रहा था जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपियों के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर दिनांक 12.06.2025 को गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमांड पर पेश किया जायेगा।उपरोक्त कार्यवाही में थाना बोरतलाव प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र शाह, बोरतलाव थाना से सउनि. गोकूल सोनकर, प्र0आर0 रोहित, आर0 नितीन यादव, जलेश्वर मरावी, थाना प्रभारी बागनदी निरीक्षक विजय मिश्रा एवं सायबर सेल प्रभारी विनय पम्मार, सायबर सेल से उनि0 कैलास चंद्र मरई, सउनि0 द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, प्र0आर0 अनित शुक्ला, मनोज खूंटे, जीवन ठाकुर, आर0 परिवेश वर्मा, योगेश राठौर, आदित्य सिंह, हेमंत साहू का सराहनीय भूमिका रही।

## पद्मश्री डॉ बाफना को लायंस का सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रख्यात बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं लायंस के पूर्व गवर्नर डॉ पुखराज बाफना को लायंस इंटरनेशनल



का सर्वोच्च वैश्विक अंतरराष्ट्रीय सम्मान एम्बेसडर ऑफ गुडविल अवॉर्ड प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। ओकब्रुक स्थित इंटरनेशनल ऑफिस से प्रभारी लिसा प्रेशी ने प्रेषित संदेश में इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन रमेश प्रजापति तथा वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन को बधाई देते हुए यह प्रतिष्ठापूर्ण सम्मान पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना को किसी भव्य समारोह में प्रदान करने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि विश्व के कुछ ही गिने चुने विभूतियों को उनके द्वारा प्रदत्त मानवीय सेवाओं के लिए दिया जाता है।

## सनातन सेवा संघ द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं गुड टच बेड टच का आयोजन किया गया

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आदि श्री सनातन सेवा संघ द्वारा



दिनांक 12. 6 .25 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं कन्याओं के सुरक्षा की दृष्टि से गुड टच बैड टच संस्था के मातृ शक्तियों ने जानकारी दी ड्ड इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष = श्री नेमचंद साहू जी, उपाध्यक्ष गंगोत्री यादव जी, सचिव स्वाति सेंद्रे जी , सहसचिव = प्रवेश जी, कोषाध्यक्ष = स्वाति रगड़े जी एवं सदस्य गण = रुक्मणी राव, कोनाली नंदनवार ,श्री योगेश चौहान ,सोनिया रजक, पदमजा रजक ,योगेश यादव ,एवं संयोजक राजेश रजक आदि उपस्थित रहे।

## भाजपाई कुशासन के दुशासन से माफिया हावी : गिरीश देवांगन

### सी एम का विभाग, अध्यक्ष का क्षेत्र, गृह मंत्री का प्रभार जिला में अपराध को खुली छूट

**राजनांदगांव(नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने मोहड में अवैध रेत खनन रोकने मामले में युवकों पर हुई गोलीबारी को छत्तीसगढ़ सरकार की कुशासन नीति का परिणाम बताते हुए और कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का विभाग खनिज के मामले में जिस प्रकार से गोलीबारी की घटना हो रही है



उससे छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया है 15 वर्षीय मुख्यमंत्री वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के निर्वाचन मुख्यालय और प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिले में भाजपा नेताओं के संरक्षण में एक संगठित माफ्यिाओं की सक्रियता के चलते यह गोलीबारी की घटना हुई है ।

देवांगन के सीधे शब्दों में यह भी कहा कि छ ग भाजपा की सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ में महाराष्ट्र झारखंड, बिहार, उड़ीसा,राज्य जहां भाजपा की सरकार है वहां के माफ्यिा छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो गए हैं चाकू तलवार के बाद गोलीबारी से छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है छ ग में कानून व्यवस्था की बदहाली जग जाहिर है भाजपा नेताओं के प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव के चलते कार्यवाही भी नहीं हो रही हैं । अवैध शराब ,नकली होलोग्राम का मामला सामने आने के बाद छुटभैय्यो को पड़कर वाहवाही लूटने वाले राजनांदगांव में अवैध रेत खनन, परिवहन, भंडारण ,मुरूम सहित खनिज के अवैध कारोबार के फ्लित साम्राज्य पर भी सरकार भ्रष्टाचार की गहरी नींद में है शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से गरियाबंद में पत्रकार पर रेत माफ्यिों के द्वारा गोली चलाने के बाद डा रमन और गृह मंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिले में यह घटना शर्मनाक है। भाजपाइयों की संलिप्तता से मोहड़ की घटना में प्रयुक्त वाहन के वीडियो भी सोशल मीडिया में है फ्रि भी कार्यवाही शून्य है।

## हिंदू-मुस्लिम सब एक समान- संत लाल दास सांई

### सिंधु भवन में श्री झूलेलाल कथा का विश्राम्र

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** झूलेलाल कथा के तीसरे दिन चकरभाटा वाले संत श्री लाल दास सांई झूलेलाल कथा को अच्छा प्रतिशत मिल रहा है एवं दिन-ब-दिन भीड़ बढ़ती जा रही है। आज पूरा सिंधु भवन खचाखच भरा हुआ था। आज अंतिम दिन सांई लाल दास ने श्री झूलेलाल भगवान के जन्म से लेकर 13 वर्षों तक का पूरा वर्णन किया और बताया कि किस प्रकार हिंदू धर्मांतरण करने वाले मुसलमान बादशाह को सबक सिखाया।



उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में उनके ही राज दरबार में राजा को अपनी लीला दिखाई, परंतु राजा बाज नहीं आया, तब मजबूर होकर पूरे ठठे शहर को झूलेलाल भगवान ने जलमग्न कर दिया एवं हिंदुओं के घर छोडक़र बाकी सभी मुसलमान के घर जलने लगे। स्वयं राजा का महल भी जलमग्न हो गया और राजा अपने ही महल में सबसे ऊपर छत में जाकर श्री झूलेलाल भगवान को पुकारने लगे, तब भगवान ने तलवार लेकर राजा के सामने घोड़े पर सवार होकर प्रकट हो गए और जैसे ही राजा का सर कलम करने ही वाले थे, राजा ने उनका पैर पकड़ लिया और माफी मांगने लगे। पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता अशोक पंजवानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल ने समझाया कि राजा, हिंदू-मुस्लिम सब एक समान है। जैसे तुम्हें अपना धर्म प्यारा है, वैसे ही हिंदुओं को अपना धर्म प्यारा है, इसलिए यह धर्मांतरण तुरंत बंद करवाओ, अन्यथा तुम्हारा धर्म खत्म हो जाएगा, तब राजा ने धर्मांतरण रुकवाया। अच्छे से राजपाठ करने लगा। छह महीने तक ठठे शहर में रहकर भगवान झूलेलाल ने राजा को राज पाठ करने के लिए राजपथ करने का मंत्र सिखाया कि प्रजा को अपना परिवार समझ करके और अपना राज पाठ चलाएं। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी के अध्यक्ष मन्नूमल मोटवानी, आवतरात तेजवानी, गुरूमुख दास वाधवा, राजा माखीजा, दौलत राम चंदानी, हुंदल रात मनकानी, पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी, हरीश मोटवानी, जयपाल मंगवानी, सुनील लेखवानी, चंदन रूचंदानी, संदीप सहेबानी, मुरली पंजवानी, कमल गंगवानी, कौशल शर्मा, पवन जेठानी, भीमन धनवानी, रोहित माखीजा, गौरव आहूजा, अखिल अंदानी, कन्हैया तलरेजा, अमित गिडवानी, सूरज पंजवानी, जय पंजवानी, तरूण आहूजा, राम रूचंदानी, विनय दरयानी आदि उपस्थित रहे।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता में राजनांदगांव की आद्या डांस अकादमी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी वर्गों में अपना शानदार प्रस्तुति प्रदान की

## स्वाति मानकर को श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु गुरु आचार्य श्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विगत दिनों पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में अखिल भारतीय नृत्य एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ।कथक रॉकर्स द्वारा तरांगण मंच के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में इंडियन नेशनल डांस म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट, फाइन आर्ट, शास्त्रीय गायन, सेमी क्लासिकल, आदि कंपटीशन एवं फेस्टिवल (प्रस्तुती) का शानदार आयोजन दिनांक 30 मई से 02 जून 2025 तक दार्जिलिंग के गोरखारंगमंच भानु भवन में किया गया था।

इस प्रतियोगिता में आद्या डांस एकेडमी के होनहार छात्रों ने अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की और इस पूरी प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व कायम किया। कथक एकल नृत्य, युगल, एवं ग्रुप डांस प्रतियोगिताओं में सभी वर्गों में अपनी शानदार प्रस्तुति प्रदान कर सारे दर्शक दिरगाह का मनमोहन कर छत्तीसगढ़ से बाहर पश्चिम बंगाल में छत्तीसगढ़ राजनांदगांव का नाम ऊंचा किया। एकल कत्थक नृत्य में सब जूनियर कैटेगरी में कु. आन्या राजपूत (पुत्री- बिंदु सुरेंद्र राजपूत) ने द्वितीय स्थान, कु. शरण्या श्रीवास्तव (पुत्री - गरिमा मयंक श्रीवास्तव) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ । जूनियर वर्ग कथक नृत्य एकल में कु. शताक्षी श्रीवास्तव (पुत्री गरिमा मयंक श्रीवास्तव) को द्वितीय स्थान, कु.आशी व्यास (पुत्री- विधि मुकेश व्यास) को द्वितीय स्थान, कु. वंशिका गौतम




(पुत्री- सुमन जिनेंद्र गौतम) को द्वितीय स्थान, कु. तनिष्का पंजवानी (पुत्री दिव्या नंदकुमार पंजवानी) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सीनियर कत्थक एकल नृत्य कैटेगरी में कु.अंशिका त्रिपाठी (पुत्री -उषा राम प्रकाश त्रिपाठी) को प्रथम स्थान, कु. अंशिका राजपूत (पुत्री बिंदु सुरेंद्र राजपूत) को प्रथम स्थान, कु. प्रकृति सिंह कोर्राम (पुत्री- कविता इंदर सिंह कोर्राम) को द्वितीय स्थान, कु. हंशिका गौतम (पुत्री -सोनाली खिनेंद्र गौतम) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ । आद्या मानकर (पुत्री- स्वाति ललित मानकर) को प्रथम स्थान के साथ ही दिवस का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अवार्ड भी प्रदान किया गया,। यूथ वर्ग में तनुश्री केहरी (पुत्री- वर्षा अक्षय केहरी) को प्रथम स्थान के साथ ही दिवस का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अवार्ड प्राप्त हुआ ।

युगल कथक नृत्य वर्ग में श्रीमती कविता कोर्राम तथा श्रीमती गरिमा श्रीवास्तव को द्वितीय स्थान शानदार प्रस्तुति हेतु प्रदान किया गया इसके साथ-साथ कत्थक समूह नृत्य में आद्या डांस एकेडमी के प्रशिक्षु? ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस पूरी प्रतियोगिता में आद्या डांस एकेडमी के प्रशिक्षु? के द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रदर्शन की सभी ने सराहना की एवं उनकी लगन और कला के प्रति उनके समर्पण की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य एवं कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु कुछ नृत्य कि नसीहते प्रदान कि। सभी उपस्थित निर्णायक गणो ने अपने आशीष वचनों के साथ उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। संस्था के सभी प्रशिक्षुओं ने गुरु श्रीमती स्वाति मानकर के निर्देशन में अपनी नृत्य कौशल कि प्रस्तुति इस मंच में प्रस्तुत कि। कथक नृत्य गुरु श्रीमती स्वाति मानकर को श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु गुरु आचार्य श्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया यह राजनांदगांव के लिए एक गौरव की बात है ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com